# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01 दिसंबर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- गीडा स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो सौ नौ करोड़ रुपये की उन्यासी विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास, कहा–निवेश प्रस्तावों से पूर्वांचल के हजारों नौजवानों को मिले रोजगार के अवसर
- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रदेश में महाकुंभ दो हजार पच्चीस से जुड़े शेष निर्माण कार्यों को पच्चीस दिसम्बर तक पूरा करने के दिये निर्देश
- स्वास्थ्य मंत्रालय ने सर्पदंश और उससे होने वाले मृत्यु को अधिसूचित रोग की श्रेणी में रखने के लिए राज्यों को दिया निर्देश
- आज लखनऊ में खेले जाएंगे सैय्यद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशीप के फाइनल मुकाबले

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण– गीडा के पैंतिसवें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर कल दो सौ नौ करोड़ की उन्यासी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एक हजार छियासी करोड़ निवेश की पचासी औद्योगिक इकाइयों को भूखंडों का आवंटन पत्र वितरित किया। साथ ही 'निवेश मित्र पोर्टल' पर गीडा की बीस सेवाओं के एकीकरण, ट्रेड शो और प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले छह वर्षों में प्रदेश सरकार ने लगभग चार हजार पांच सौ करोड़ रूपए से अधिक के निवेश के प्रस्ताव को धरातल पर उतारा है, जिससे पूर्वांचल के हजारों नौजवानों को नौकरी और रोजगार के अवसर मिले हैं। अपने गोरखपुर दौरे के क्रम में श्री योगी ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के एमबीबीएस प्रथम बैच के विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया। वह आज खाद कारखाना स्थित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जहां एक हजार दो सौ जरूरतमंद बच्चियों की सरकारी खर्चे से शादी कराई जा रही है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य में कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण को कम करने के लिये प्रदेश सरकार कई ठोस कदम उठा रही है। श्री योगी ने कल लखनऊ में एक समाचार पत्र समूह की तरफ से आयोजित 'ग्रीन भारत समिट' को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदूषण कम करने और पर्यावरण संरक्षण के लिये सरकार द्वारा किये जा रहे उपाय काफी नहीं है, बल्कि समाज, संस्थान और आम लोगों की सहभागिता भी इस अभियान में जरूरी है।

***जैसे पहले पेट्रोल पम्प स्थापित होते थे। ऐसे ही चार्जिंग स्टेशन स्थापित हो रहे हैं। एक बस पर प्रदेश सरकार बीस लाख रूपये तक की इंसेंटिव भी प्रदान कर रही है जिससे प्रधानमंत्री जी का जो विजन है कि दो हजार सत्तर तक नेट जीरो के लक्ष्य को हम प्राप्त कर सके। कार्बन उत्सर्जन को जीरो स्थिति में पहुंचा करके इस धरती माता को हम लोग जीव सृष्टि के रहने लायक बना सकें।***

समिट में केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ग्रीन भारत के लिये कई महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं। इस दिशा में किये जा रहे उपायों से न सिर्फ किसान समृद्ध होगा, बल्कि उत्तर प्रदेश के लोगों को पेट्रोल का विकल्प भी मिलेगा।

***पेट्रोल को यूपी में रिप्लेस करना बाइ इथेनॉल। इससे किसान समृद्ध संपन्न होगा और आपके लखनऊ जैसे शहरों का प्रदूषण कम होगा तो ये जो ग्रीन भारत में चालीस पर्सेंट प्रॉब्लम जो है वो इसी का है। हमें इंपोर्ट सबस्टीट्यूट कॉस्ट इफेक्टिव, पॉल्यूशन फ्री और इंडिजिनस सॉल्यूशन में जाना चाहिए और ग्रीन भारत के और बहुत इनिशिएटिव है। इसमें ये जो इथेनॉल, सीएनजी एलएनजी और उसके साथ विशेष रूप से बिटुमिन भी बना सकते है हम लोग।***

इससे पहले श्री गडकरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान श्री गडकरी ने महाकुंभ से संबंधित राष्ट्रीय राजमार्गो के बाईपास, इनर रिंग रोड और पुल निर्माण के सभी बाकी कामों को आगामी पच्चीस दिसम्बर तक पूरे किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रदेश में एक लाख उन्तालिस हजार करोड़ रुपये के नये सड़क प्रस्तावों पर विमर्श कर जल्द डीपीआर तैयार करने को भी कहा।

**********

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक दिवसीय दौरे पर आज कानपुर आएंगे। वह सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके अलावा वह आईआईटी कानपुर का भी दौरा करेंगे और वहां छात्र–छात्राओं और शिक्षकों को संबोधित करेंगे।

**********

स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से सर्पदंश के मामलों और उससे होने वाली मृत्यु को राज्य लोक स्वास्थ्य अधिनियम और अन्य प्रावधानों के तहत अधिसूचित रोग की श्रेणी में रखने को कहा है। स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने सभी राज्यों को लिखे पत्र में कहा कि सर्पदंश गंभीर चिंता का विषय है। पेश है एक रिपोर्ट–

***अधिसूचित रोग वो रोग है जिसका निदान होने पर सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचित किया जाना आवश्यक है। इसका लक्ष्य रोगों की निगरानी, नियंत्रण और रोकथाम करना तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए उपायों को लागू करना है। सर्पदंश की समस्या से निपटने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने संबंधित मंत्रालयों और हितधारकों के परामर्श से 2030 तक सर्पदंश से बचाव और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना शुरू की है। इस कार्य योजना का उद्देश्य 2030 तक सर्पदंश से संबंधित मौतों को कम करना और देशभर में सर्पदंश के मामलों और मौतों की निगरानी करना है। पल्लवी परमार के साथ अमन यादव आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

केंद्र सरकार ने कहा है कि पच्चीस नवम्बर तक आयुष्मान भारत– प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए लगभग चौदह लाख आयुष्मान वय वंदन कार्ड जारी किए गए हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने लोकसभा में लिखित उत्तर में यह जानकारी दी है।

**********

सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चौंपियनशिप के फाइनल मुकाबले आज लखनऊ में खेले जाएंगे। इसके महिला एकल में भारत की प्रथम वरीयता प्राप्त खिलाड़ी पीवी सिंधु चीन की व्यू लियू यू के साथ खेलेंगी। पुरुष एकल में भारत के प्रथम वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन का सामना सिंगापुर के जिया हैंग जेसन से होगा। मिश्रित युगल के फाइनल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रासटो का मुकाबला थाईलैंड की सुपिससारा और देचापोल की जोड़ी से होगा। महिला डबल्स के फाइनल में भारत की तृषा जोली और गायत्री गोपीचंद का मुकाबला चीन की बाओ ली जिंग और ली कियान से होगा। वहीं, पुरुष युगल के फाइनल में भारत के साईं प्रतीक और पृथ्वी कृष्ण मूर्ति का सामना चीन के हुआंग डी और लियू यांग से होगा।

**********

ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की स्मृति में गोरखपुर में आज से चार दिवसीय कबड्डी महाकुंभ शुरू हो रहा है। इसमें देश की बारह टीमे हिस्सी लेंगी। खेल निदेशक डॉ आरपी सिंह ने बताया कि इसमें कई अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसके समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने अगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग द्वारा कल जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के मुताबिक इस अवधि में प्रदेश में कई स्थानों पर सुबह के समय हल्के से लेकर मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है। हांलाकि अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

इस बीच, ठंड और कोहरे की आशंका को देखते हुए यमुना एक्सप्रेस वे पर पंद्रह दिसम्बर से पंद्रह फरवरी तक हल्के और भारी वाहनों की नई गति सीमा तय कर दी गयी है। यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरूण वीर सिंह ने बताया है कि इस अवधि के दौरान हल्के वाहन अधिकतम 80 किलोमीटर प्रतिघंटा और भारी वाहन अधिकतम 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेंगे।

**********

प्रदेश में चौबीस घंटों के भीतर हुए दो अलग–अलग सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गये। श्रावस्ती जिले के इकौना इलाके में मोहनीपुर जमुनहा के पास कल टेम्पो और कार में हुई आमने–सामने की टक्कर में दोनों गाड़ियां गहरी खाई में जा गिरी। इससे पांच लोगों की मौत हो गई और छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। उधर, मथुरा जनपद के बलदेव–सादाबाद रोड पर तीन बाइक सवारों को कल एक डम्पर ने रौंद दिया, जिससे इन सभी की मौत हो गई।

**********

आज विश्व एड्स दिवस है। प्रत्येक वर्ष एक दिसम्बर को यह दिवस एचआईवी–एड्स के बारे में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर प्रदेश के अलग अलग जिलों में विविध कार्यक्रमों के आयोजन किये जा रहे हैं।

**********